# GRIID Organised Colourful Carnival for Persons with Intellectual Disabilities

The celebrations of International Day of Persons with Intellectual Disabilities by the Government Rehabilitation Institute for Intellectual Disabilities (GRIID), sector 31-C, Chandigarh concluded with a colourful carnival on its premises.

Joyful smiles of approximately 450 students with intellectual disabilities of GRIID special school lit up the carnival. The program was inaugurated by Ms Shipra Bansal, Chairperson of Chandigarh Commission for Protection of Child Rights (CCPCR) who was the Chief Guest on the occasion. She said that these children are soft and pure-hearted and free of ruse. They are endowed with certain special qualities.

Dr A.K. Attri, Director-Principal, Govt. Medical College and Hospital (GMCH), sector-32 cum Director GRIID, welcomed the Chief Guest with the memento and appreciated the GRIID staff for their commendable work for persons with intellectual disabilities (PwIDs).

The cultural program began with Saraswati Vandana 'varde veena vadini' presented by special students-yashika, vandana, poorva, pooja, diksha and sheetal. Beautifully synchronised group instrumental performance on the song 'mohabbat ke taraane' was given by special students - Shanky played keyboard, Ashutosh played dholak, Aakash, Alisha and Gurpreet played congo, Nitin played tambourine, Sooraj played manjeera, Shankar and Tushar played khanjeri- and their teacher Romi Kumar played violin which left the audience spellbound.

Various mouth-watering food item stalls like golgappe, bhelpuri, kadi chawal, lassi, ram laddu, rajma chawal, tea, mirchi pakoda, and fun games for students, parents, and staff were put up and exhibition on teaching-learning material for teachers for teaching persons with intellectual disabilities was also displayed. Students also enjoyed the bouncy slides.

Various competitions were also organised the results of which are as follows:

Fancy dress competition for students: Under theme of 'Save environment' – Nitin, Anushka and Nakul won first, second and third positions respectively. Under theme of 'Healthy Food' – Rudraksh, Khushi and Vipul won first, second and third positions respectively. Under theme of 'Best out of Waste' – Vikramjeet and Vikas won first and second prize respectively.

Drawing and painting competition for students: In category I (Preparatory, play and care-group)- Shivam, Aakriti, and Aftab won first, second and third positions respectively. In category II (Primary and secondary classes)- Shiva, Himanshu, and Nitin won first, second and third prizes respectively. In category III (Pre-vocational and vocational classes)- Nitin, Harbir Singh and Tushar won first, second and third positions respectively.

Rangoli competition for student with parent/guardian of PwID: Sandhya and Mamta won first position, Abhay and Shivani won second position and Mahaveer and Preeti won third position.

Dr Priti Arun, Joint Director, GRIID; Dr Sidana; Vandana Singh, Officiating Principal GRIID special school; Dr Ravi KM, Course Co-ordinator GRIID college; Sneh Lata, Officiating Clinic incharge; Dr Karuppasamy; Jaspal Sharma, Administrative officer and other officials of GRIID were also present.



Dr Attri addressing the audience




Chief Guest addressing the audience




Students participated in fancy dress competition




Musical Item presented by GRIID school students



Participants of rangoli competition making rangoli



One of the stalls in the carnival




Saraswati vandana by GRIID school students



Director GRIID and Joint Director GRIID with students and staff

# मोहब्बत के तराने की धुनों पर किया मंत्रमुग्ध

## ◆ ग्रिड ने बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के लिए कार्निवल आयोजित किया




**चंडीगढ़।** राजकीय बौद्धिक दिव्यांगजन पुनर्वास संस्थान (ग्रिड) के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगता दिवस के अवसर पर रंगारंग कार्निवाल का आयोजन किया गया। इसमें संस्थान के विशेष विद्यालय के करीब 450 बौद्धिक दिव्यांग बच्चों ने खूब इंजॉय किया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि चंडीगढ़ कमिशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ़ चाइल्ड राइट्स (सीसीपीसीआर) की चेयरपर्सन शिप्रा बंसल ने किया। उन्होंने बताया की यह बच्चे हृदय से अत्यंत कोमल, स्वच्छ एवं छल प्रपंच से रहित हैं। इन्हें ईश्वर ने एक विशेष खूबी के साथ भेजा है। इन्होंने कमीशन की ओर से ग्रिड को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल, सेक्टर 32 के डायरेक्टर प्रिंसिपल सह संस्थान के डायरेक्टर डॉ ए के अत्री ने मोमेंटो के साथ मुख्य अतिथि का स्वागत किया एवं उत्कृष्ट कार्यो के लिए संस्थान के कर्मियों की सराहना की। संस्थान के बच्चों ने एक सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी, जिसमें यशिका, वंदना, पूर्वा, पूजा, दीक्षा एवं शीतल ने सरस्वती वंदना वर दे वीणा वादिनी वर दे पर सामूहिक नृत्य का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बच्चों के द्वारा मोहब्बत के तराने के तहत विभिन्न धुनों का बखूबी वादन था, जिसे सुनकर श्रोतागण भाव विभोर एवं मंत्र मुग्ध थे। इसमें शैंकी ने कीबोर्ड, आशुतोष ने ढोलक, आकाश, अलीशा एवं गुरप्रीत ने कांगो, नितिन ने ढपली, सूरज ने मंजीरा, शंकर एवं तुषार ने खंजरी और संगीत शिक्षक रोमी कुमार ने वायलिन बजाया। विशेष बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। फैंसी ड्रेस कंपटीशन जिसका विषय था सेव एनवायरनमेंट, हेल्दी फूड एवं बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट।

इस प्रतियोगिता में सेव एनवायरनमेंट के लिए नकुल, अंशिका एवं नितिन ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल किया। हेल्दी फूड के तहत विपुल, खुशी एवं रुद्राक्ष ने प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट के लिए विकास ने प्रथम एवं विक्रमाजीत द्वितीय स्थान हासिल किया। ड्राइंग एंड पेंटिंग प्रतियोगिता के तहत प्रिपेरटॉरी एवं केयर ग्रुप श्रेणी में शिवम, कार्तिक एवं आफताब ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान तथा प्राइमरी एंड सेकेंडरी श्रेणी में शिवा, हिमांशु एवं नितिन ने प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान, वहीं प्री वोकेशनल एवं वोकेशनल श्रेणी में नितिन, हरवीर सिंह एवं तुषार ने प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल किया। बच्चे और उनके पैरेंट्स के लिए रंगोली कंपटीशन का आयोजन किया गया जिसमें सेकेंडरी सेक्शन की संध्या एवं ममता ने प्रथम एवं प्री वोकेशनल के छात्र अभय एवं शिवानी ने द्वितीय एवं कार्पेंट्री सैक्शन महावीर और प्रीति ने तृतीय स्थान हासिल किया।

कार्निवल मे विभिन्न लजीज खाद्य व्यंजनों के कई स्टाल भी लगे इस कार्यक्रम में संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ प्रीति अरुण, डॉ सिडाना, विशेष विद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या वंदना सिंह, कोर्स कोआर्डिनेटर डॉ रवि केएम, डॉ करुप्पासामी, प्रशासनिक अधिकारी जसपाल शर्मा, स्नेह लता एवं संस्थान के सभी अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

# ग्रिड ने बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के लिए कार्निवल आयोजित किया

**दिव्यांग जगत @ चंडीगढ़**

राजकीय बौद्धिक दिव्यांगजन पुनर्वास संस्थान (ग्रिड) सेक्टर 31 के द्वारा संस्थान परिसर में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगता दिवस के शुभ अवसर पर रंगारंग कार्निवाल का आयोजन किया गया।इसमें संस्थान के विशेष विद्यालय के करीब 450 बौद्धिक दिव्यांग बच्चों ने खूब इंजॉय किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि चंडीगढ़ कमिशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ़ चाइल्ड राइट्स (सीसीपीसीआर) की चेयरपर्सन शिप्रा बंसल ने किया। उन्होंने बताया की यह बच्चे हृदय से अत्यंत कोमल, स्वच्छ एवं छल प्रपंच से रहित हैं। इन्हें ईश्वर ने एक विशेष खूबी के साथ भेजा है। इन्होंने कमीशन की ओर से ग्रिड को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल, सेक्टर 32 के डायरेक्टर प्रिंसिपल सह संस्थान के डायरेक्टर डॉ ए के अत्री ने मोमेंटो के साथ मुख्य अतिथि का स्वागत किया एवं उत्कृष्ट कार्यो के लिए संस्थान के कर्मियों की सराहना की।

संस्थान के बच्चों ने एक सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी, जिसमें यशिका, वंदना, पूर्वा, पूजा, दीक्षा एवं शीतल ने सरस्वती वंदना वर दे वीणा वादिनी वर दे पर सामूहिक नृत्य का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बच्चों के द्वारा मोहब्बत के तराने के तहत विभिन्न धुनों का बखूबी वादन था, जिसे सुनकर श्रोतागण भाव विभोर एवं मंत्र मुग्ध थे। इसमें शैंकी ने कीबोर्ड, आशुतोष ने ढोलक, आकाश, अलीशा एवं गुरप्रीत ने कांगो, नितिन ने ढपली, सूरज ने मंजीरा, शंकर एवं तुषार ने खंजरी और संगीत शिक्षक रोमी कुमार ने वायलिन बजाया।

विशेष बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। उदाहरण स्वरूप फैंसी ड्रेस कंपटीशन जिसका विषय था सेव एनवायरनमेंट, हेल्दी फूड एवं बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट। इस प्रतियोगिता में सेव एनवायरनमेंट के लिए नकुल, अंशिका एवं नितिन ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल किया। हेल्दी फूड के तहत विपुल, खुशी एवं रुद्राक्ष ने क्रमश: प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट के लिए विकास ने प्रथम एवं विक्रमाजीत द्वितीय स्थान हासिल किया। ड्राइंग एंड पेंटिंग प्रतियोगिता के तहत प्रिपेरटॉरी एवं केयर ग्रुप श्रेणी में शिवम, कार्तिक एवं आफताब ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान तथा प्राइमरी एंड सेकेंडरी श्रेणी में शिवा, हिमांशु एवं नितिन ने प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान, वहीं प्री वोकेशनल एवं वोकेशनल श्रेणी में नितिन, हरवीर सिंह एवं तुषार ने प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल किया। बच्चे और उनके पैरेंट्स के लिए रंगोली कंपटीशन का आयोजन किया गया जिसमें सेकेंडरी सेक्शन की संध्या एवं ममता ने प्रथम एवं प्री वोकेशनल के छात्र अभय एवं शिवानी ने द्वितीय एवं कार्पेंट्री सैक्शन महावीर और प्रीति ने तृतीय स्थान हासिल किया।



कार्निवल के तहत विभिन्न लजीज खाद्य व्यंजनों के कई स्टाल लगाए गए थे जिसमें लोगों ने कढ़ी, राजमा चावल, दही भल्ला, गोलगप्पे, चाय, कॉफी, लस्सी, राम लड्डू, टिक्की चाट एवं भेलपुरी इत्यादि के स्वाद लिए।

इस कार्यक्रम में संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ प्रीति अरुण, डॉ सिडाना, विशेष विद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या वंदना सिंह, कोर्स कोआर्डिनेटर डॉ रवि केएम, डॉ करुप्पासामी, प्रशासनिक अधिकारी जसपाल शर्मा, स्नेह लता एवं संस्थान के सभी अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

**News coverage**